तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

12 सशिमं स्वशासी परीक्षा के 5 टापर विद्यार्थियों के माता-पिता का गिफ्ट ...



10 एक सप्ताह के अंदर इंदिरा मार्केट से हटेगा ...





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# राज्य हॉकी एकेडमी ट्रायल में भाग लेने दस बालक-बालिका रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला हॉकी संघ की टीम रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी एकेडमी ट्रायल में भाग लेने के लिए उत्साहपूर्वक रवाना हुई। इस टीम में पाँच बालक और पाँच बालिकाएं शामिल हैं, जो जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

टीम के खिलाड़ी बालक लक्ष्य विकेट, निखिल सिन्हा सुशांत सिन्हा, मीनल कोलियारा, चित्रसेन पटेल, बालिकाएं हेमा यादव, साक्षी बेसरा, तिलोपमा ठाकुर, पल्लवी ठाकुर, पूजा साहू टीम के साथ कोच अंजलि धनकर और जनरल मैनेजर वेद प्रकाश सिन्हा भी रवाना हुए, जो खिलाड़ियों को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करेंगे। टीम को रवाना करने से पूर्व बालोद जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष तोमन साहू, शबरी स्पोर्ट्र्स क्लब के अध्यक्ष मिथलेश तारम, तथा प्रशिक्षक कोच व सचिव तोरण सिन्हा, सूर्यकांत सिन्हा, सौरभ शर्मा, राजेश घोड़ेश्वर, गमनेश्वर तारम, रूपेंद्र सिन्हा, खुनेश्वर गजेंद्र, मोतीलाल सिन्हा, दीपक तारम, दिनेश तापड़िया, रामकुमार सिन्हा, महेंद्र देवांगन, घनश्याम सिन्हा, तेजेश्वर सिन्हा, सहित महिला प्रशिक्षकों एवं सदस्यों अनुपमा चौबे, विनोदिनी यादव, कादंबरी यादव, संगीता तिवारी एवं गायत्री साहू ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी शुभचिंतकों ने विश्वास जताया कि बालोद के ये खिलाड़ी न सिर्फ ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, बल्कि भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे।

रायपुर में जिला हॉकी संघ की टीम ने किया आयोजित



## खबर संक्षेप

### खेल अकादमी में चयन ट्रायल 29 व 30 को

**बालोद।** अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं राज्य शासन द्वारा संचालित खेल अकादमी हेतु चयन ट्रायल की तिथि घोषित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सत्र 2025–26 अंतर्गत तीरंदाजी, एथेलेटिक्स, हॉकी, कबड्डी में 13 से 17 वर्ष की आयु वाले बालक एवं बालिका का चयन ट्रायल 29 एवं 30 अप्रैल को स्व. बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला बिलासपुर में किया जाएगा।

### कटहरे गुंडरदेही जनपद के सभापति मनोनीत

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के हल्दी निवासी अश्वनी कटहरे जनपद छेत्र क्रमांक 21 के जनपद सदस्य क़ो जनपद पंचायत गुंडरदेही के वन स्थाई समिति के सर्वसम्मति से सभापति बनाए गए इस अवसर पर कटहरे ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सम्माननीय जनपद सदस्यों का हृदय से आभार जताया।

### डौंडीलोहारा जनपद के उत्तम सभापति नियुक्त

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय जनपद पंचायत में जनपद सदस्य बर्रापारा संजारी निवासी डॉ उत्तम कुमार यदु को जनपद पंचायत में संचार एवं संकर्म समिति का सभापति नियुक्त किया गया है, संचार एवं संकर्म समिति का सभापति बनाए जाने पर उन्हें बधाई देने वालों में टिकेन्द्र वर्मा, जिनेश जैन, इन्दु भुआर्य, रामलाल इन्दौरिया, श्यामलाल कमरिया, सदासिंह खुंटियारे, हरीश यदु, जीतू साहू, होरी यादव, टोमन पटेल, संतोष पटेल, ओमेश्वरी देवांगन उपसरपंच, उर्मिला देवांगन पंच, रामचरण मानकर सरपंच सोरली, घनाराम भुआर्य सरपंच गंजईडीह, स्नेहा भुआर्य सरपंच संजारी, ओमप्रकाश भुआर्य, उषा ठाकुर पंच, नीलकंठ सिन्हा, लक्ष्मी नारायण देवांगन, कुलदीप सिन्हा, नरेन्द्र देवांगन सहित अन्य शामिल हैं।



## चिरईगोड़ी में गन्ने की फसल सर्वाधिक प्रभावित, किसानों सिंचाई पानी की कमी बताया

# गरमी का भीषण प्रकोप, पानी बिना गन्ना व धान की खेती सूख रही, किसान लाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे बढ़ती गर्मी के कारण जहां लोगो को पानी की समस्या का सामना करना ही पड़ रहा है वही धान व सब्जी के फसलो पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है लेकिन गन्ने के किसानो को गर्मी के कारण ज्यादा दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है जहां गर्मी मे पर्याप्त पानी न मिलने के कारण गन्ने के फसलो पर प्रभाव पड़ने का डर किसानो मे बना हुआ है। जिले मे धान की फसल निकलना प्रारंभ हो गई है और कई जगहो मे धान की फसल लगभग पककर तैयार है और अब कई जगहो मे लोग धान की कटाई आरंभ कर चुके है ऐसे मे धान की फसल लगाने वाले कई किसानो को वर्तमान मे हो रहे पानी की समस्या से फसल प्रभावित होने का डर कुछ हद तक समाप्त हो गया है और अब वे फसल कटाई को लेकर तैयारी करते नजर आ रहे है। वही जिले मे बढ़ते जल संकट के कारण एक किसान वर्ग ऐसा है जिसका बढ़ती गर्मी के साथ चिंता और भी बढ़ती जा रही है यह वर्ग गन्ना का उत्पादन कर जिले के एकमात्र गन्ना कारखाना को जिवित रखने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है लेकिन जिले के एकमात्र गन्ना कारखाना को अपनी मेहनत से जीवित रखने के लिए इन किसानो को हर बार अनदेखी का सामना करते हुए न तो उन्हे उचित मूल्य प्रदान किया जाता है और न ही अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती है हाल यह होता है कि जिले मे गन्ना उत्पादनकर्ता किसानो की संख्या वर्तमान मे घटती ही जा रही है लेकिन इस ओर प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा। इसी का नतीजा है कि वर्तमान मे शासन द्वारा गन्ना कारखाना को निजी हाथो मे सौपने की बात की चर्चा भी जोरो पर थी।

■ खेत सूखने पर चूहों का हमला जारी है, खेतों बिलों की भरमार



### फसल चौपट

ग्राम चिरईगोड़ी के किसानो ने बताया कि वर्तमान मे पानी की समस्या के कारण गन्ने की फसल सूख रही है और दोपहर को तेज धूप के बीच गन्ने की फसल तो सूखे पेड़ जैसी हो जाती है जिसमे हरियाली नजर ही नही आती और लगातार गिरते जलस्तर के कारण गन्ने के फसलो को पर्याप्त पानी नही मिल पा रहा है। वही किसानो ने बताया कि पर्याप्त पानी नही मिलने व खेत के सूखे होने का सबसे ज्यादा फायदा खेतो मे मौजूद चूहे उठा रहे है और वे फसलो को चौपट करते मे लगे हुए है, खेत सूखे होने के कारण गन्ने के खेतो मे जगह जगह चूहो द्वार छेद कर घर बना लिया जा रहा है और गन्ने के फसल को काटा जा रहा है, लेकिन विकट गर्मी मे दोनो ही समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है।

# कलेक्टर ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के कक्षों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मिश्रा ने कार्यालय में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यो के संबंध में जानकारी ली।

मिश्रा ने अधिकारियों को जिला कार्यालय में साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित समय अवधि में अपने कार्यो को बेहतर ढंग से संपादित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय में स्थित जिला नाजिर कक्ष, कलेक्टर न्यायालय, नजूल कक्ष, एनआईसी कक्ष, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कक्ष एवं न्यायालय, राजस्व लेखा शाखा, नजारत कक्ष, आवक–जावक कक्ष, वित्त शाखा, वरिष्ठ लिपिक एवं प्रतिलिपि शाखा, सांख्यिकी एवं प्रोटोकॉल शाखा आदि का निरीक्षण किया और वहाँ कार्यरत ▶▶| शेष पेज 11 पर

# आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री निवास मिनाक्षी नगर बोरसी में मुनस्यारी में पर्यटकों और व्यापारियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में जान गांवने लोगों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी।

सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर नगर निगम रिसाली शशि सिन्हा, ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चंद्रकार, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, महामंत्री जीतेन्द्र साहू, ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, महामंत्री चंद्रकांत कोरे, अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्रकार, लक्ष्मी साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, टिकेश्वरी लाल, विक्की मिश्रा, हरेंद्र देव, तुलसी देशमुख, देशमुख, पूर्व मंडी सदस्य तारकेश्वर चन्द्रकार, रुपेश देशमुख, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, सहित ब्लाक कांग्रेस के सदस्य, जनप्रतिनिधि, नगर निगम रिसाली के पार्षद गण सहित कांग्रेस के वरिष्ठ गण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

■ शोक सभा में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए

# पंचायत दिवस पर 50 पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का हुआ शुभारंभ

**नकद लेन-देन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे सेवाओं के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार आज बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायतीराज दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार राज्य के मधुबनी में आयोजित समारोह से वर्चुअली रूप से जुड़ कर आम जनता को संबोधित किया।

उल्लेखनीय है कि पंचायतीराज दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिले के प्रत्येक विकासखण्डों के 10–10 ग्राम पंचायत सहित कुल 50 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा ग्रामीणों को नगद आहरण की सुविधा मिलने लगेगी। ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के प्रारंभ हो जाने से ग्रामीणों को नगद लेन–देन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे सेवाओं के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नही पड़ेगी।

पंचायतीराज दिवस के अवसर पर आज के बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कार्यालय पड़कीभाट में आयोजित समारोह में जिला जिलापंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, उपाध्यक्ष दिनेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू, जनपद पंचायत सदस्य निर्मला बंजारे, भगवती उइके, ममता गंगबेर के अलावा ग्राम पंचायत पड़कीभाट के सरपंच नुपेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

समारोह में उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पंचायतीराज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के वर्चुअली संबोधन को भी सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को 'मोर गांव, मोर पानी अभियान' के तहत जल संरक्षण के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी ▶▶| शेष पेज 11 पर





## खबर संक्षेप



### विवेकानंद सभागार और ठाकरे भवन को लीज में देगी निगम

**दुर्ग।** नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक मेयर अलका बाघमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कक्ष में आयोजित हुई। सबसे पहले बाजार विभाग पार्किंग जुड़े एजेंडों पर चर्चा हुई। इंदिरा मार्केट वाहन शुल्क हेतु 3 वर्षों के लिए निविदा पर चर्चा की गई। इदिरा मार्केट वाहन पार्किंग ठेका व न्यू बस स्टैंड में वाहन पार्किंग ठेका को मेयर श्रीमती अलका बाघमार व परिषद के सदस्यों की सहमति से रेट नही आने के कारण अगले एमआईसी की बैठक में निर्णय हेतु टाला गया। वहीं विवेकानंद भवन एवं कुशा भाउ ठाकरे भवन को लीज में देने का निर्णय लिया गया। मेयर इन काउंसिल की बैठक में एक देश एक चुनाव का संकल्प एमआईसी में सर्वसम्मति से सहमति प्रदान किया गया।

### डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई



**दुर्ग।** आईएचएसडीपी कॉलोनी बॉम्बे आवास उरला में भारत रत्न डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की सार्वजनिक जयंती धूमधाम से मनाई गई । जिसके तहत सामूहिक त्रिशरण, पंचशील, बुद्ध वंदना, धम्म वंदना व संघ वंदना का शील ग्रहण कर विश्व कल्याण के लिए मंगल कामनाएं की गई। इस अवसर पर बच्चों का नृत्य वह अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई साथ ही महिलाओं के लिए डांस प्रतियोगिताएं वह अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि अरविंद सिंह खुराना अध्यक्ष गुरुद्वारा सिंह सभा, प्रमुख अतिथि आयुष्मान अशोक मेश्राम, सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व सचिव बुद्ध विहार समिति शंकर नगर, अध्यक्षता आयुष्मान योगेंद्र बबलू चौरे, रत्नमाला भौतिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन आयुष्मान बबलू चौरे ने किया। कार्यक्रम में सीमा गजभि, मीना नारनवरे, पंचशीला बोरकर, सारिका रामटेके, मीणा मेश्राम आदि उपस्थित थे।

### परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दुर्ग।** दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार सिरसाभाठा सिरसाकला तहसील भिलाई एवं जिला दुर्ग निवासी देवबगस निर्मलकर की 11 अगस्त 2022 को अंडरब्रिज पार करते समय डूबने से मृत्यु हो गयी थी। प्रावधानों के अनुरूप स्व देवबगस की पत्नी लक्षणी बाई निर्मलकर को 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

### चरोदा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने केबिनेट मंत्री कैलाश का किया स्वागत

**भिलाई।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व एमपी के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का छत्तीसगढ़ आगमन पर चरोदा मंडल में हनुमान मंदिर के सामने मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर के नेतृत्व में स्वागत हुआ। इस दौरान भाजपा महामंत्री परमजीत सिंह, रामा रेड्डी, राजेश मोर्या, सनातन ठाकुर, जय प्रकाश पांडेय, अंकित बनर्जी, टी रमन, सुजाता डोंगरे, रेखा साहू, प्रमिला तांडी समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चेंबर के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ होगा जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शहीद स्मारक ऑडिटोरियम रायपुर में हुआ। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सतीश थरानी, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी और प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा ने पदभार ग्रहण किया। चुनाव निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

---

**तैयारी: फारेस्ट आफिस के पास बने नवीन हाईजेनिक मार्केट में होगी शिफ्टिंग**

# एक सप्ताह के अंदर इंदिरा मार्केट से हटेगा मछली बाजार, होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2016 में करीब डेढ करोड रूपए से अधिक की लागत से बने हाईजेनिक मछली बाजार को एक बार फिर शहर से हटाने की कवायद की जा रही है। इंदिरा मार्केट में बसे सैकडों थोक मछली विक्रेताओं को एक सप्ताह के अंदर नवीन मार्केट में शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए गए है। महापौर अल्का बाघमार द्वारा शहर के अंदरूनी इलाको में मछली, मटन का व्यापार कर रहे लोगों को एक साथ नवीन बाजार में शिफ्ट करने के निर्देश दिए है। अगर ऐसा हो गया तो लोगों को राहत मिलेगी और एक ही जगह बाजार लगने से सहुलियत भी होगी।

नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार ने बुधवार को फारेस्ट कार्यालय व केडा आफिस परिसर में बने नवीन हाईजेनिक थोक मछली बाजार का निरीक्षण किया। वर्तमान में हाईजेनिक मार्केट (मछली बाजार) थोक मछली बाजार के भवन का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को मछली बाजार के संचालन के लिए इंदिरा मार्केट में मछली बाज़ार, मटन व मुर्गा दुकान के फुटकर व थोक दुकानदारों से सम्पर्क कर नवीन हाईजेनिक मार्केट मछली बाजार में एक सप्ताह के भीतर दुकाने लगाई जाने निर्देशित किया गया है। ताकि अनुपयोगी भवन का उपयोग कर उच्चतम स्तर पर मछली बाजार का संचालन किया जा सकें।

**महापौर ने अफसरों के साथ किया मौके का निरीक्षण**




### दुर्गंध से लोग होते है हालाकान

इंदिरा मार्केट में 72 से अधिक दुकाने मछली, मुर्गा और मटन के लगाए जाते है। शहर के मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट ही है। यहां सभी तरह के दुकाने होने के कारण रोजाना हजारों की संख्या में लोग यहां आते है। सब्जी बाजा से लेकर खाने पीने के सामान यहां बिकते है। ऐसे में मछली और मटन बाजार इलाको में दुर्गंध फैला रही है, जिसका पिछले लंबे समय से हटाने की मांग भी शहरवासियों द्वारा की जा रही थी। बाजार अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि, इंदिरा मार्केट में मछली, मुर्गा और मटन कुल 72 दुकानें सम्मिलित है।

### कलेक्टर ने भी की थी पहल

हरिभूमि ने इस मामले को लगातार प्रकाशित किया था। जिसके बाद तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने भी नवीन हाईजेनिक बाजार में दुकानों को शिफ्ट करने निर्देश दिए थे। जेल रोड में केंद्रीय स्कूल के करीब हाईजेनिक फिश मार्केट शहर से 1 किलो मीटर हटकर खुले वातावरण में स्थित है एवं बाजार हेतु पार्किंग की पर्याप्त सुविधा है। परिसर में बर्फ संयंत्र सह (शीत गृह) कोल्ड स्टोरेज (दैनिक क्षमता-12 मी.टन) भी निर्मित है, जिससे निर्मित बर्फ का उपयोग कर मछलियों को अधिकतम समय तक ताजा रखा जा सकता है एवं मछली खाने वाले आम उपभोक्ताओं को ताजी एवं स्वस्थ मछली उपलब्ध हो सकेगी।

### डेढ़ करोड़ रूपए से अधिक खर्चा

वर्ष 2016 में हाईजिनिक थोक मछली बाजार करीब 52 लाख 13 हजार की लागत से बनाया गया था। इसी तरह हाईजिनिक खुदरा मछली बाजार 39 लाख 42 हजार में तैयार किया गया था। यही नहीं मछली के व्यापारियों की सहुलियत के लिए यहां बर्फ संयंत्र सह शीतगृह का निर्माण 65 लाख की लागत से तैयार किया गया है। इस तरह डेढ करोड से अधिक की राशि खर्च हुई है। दुर्ग में बनाया गया यह बडा प्रोजेक्ट संभाग के किसी जिले में नही है। बहरहाल इंदिरा मार्केट के आलावा शहर के रिहायसी इलाका पद्नाभपुर रोड, धमधा नाका, नयापारा, सिकोलाबस्ती, तितुरडीह, गंच चौक सहित शहर के कई इलाको में थोक मछली व्यापारी दुकानदारी कर रहे हैं।

**निर्देश दिए**



"नवीन हाईजेनिक फिश मार्केट का निरीक्षण कर पार्किंग व्यवस्था, परिसर के आस पास पौध रोपण सहित बेहतर ढंग से जेसीबी से साफ सफाई करने के लिए निर्देश दिए गए है। **-अल्का बाघमार,** महापौर दुर्ग

---

# शहर के 15 स्थानों पर बोर खनन कर पॉवर पंप लगेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के दर्जनभर से अधिक वार्डों में पेयजल संकट की स्थिति से अब राहत मिलेगी। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर उप मुख्यमंत्री व

- **भीषण गर्मी में पेयजल संकट का समाधान**

नगरीय प्रशासन विभाग मंत्री अरूण साव ने शहर में दर्जनभर से अधिक बोरवेल्स कराने की स्वीकृति दी है। जिससे शहरवासियों को राहत मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के 15 स्थान पर बोर खनन कर पॉवर पंप लगाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दिए है। स्थल निरिक्षण पश्चात कुछ ही दिन में बोर खनन की शुरुआत हो जाएगी, ताकी शहर के नागरिकों को भीषण गर्मी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। विधायक गजेन्द्र ने उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का त्वरित कार्यवाही करने पर आभार जताये है। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की गर्मी बढ़ने के साथ दुर्ग के विभिन्न क्षेत्रों में जलसंकट की समस्या से पार्षद एवं जनता ने अवगत कराया था। उनके द्वारा बोर खनन की मांग पत्र प्राप्त हुआ था। जिसे संज्ञान में लेकर तत्काल नगरीय निकाय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव से पेयजल संकट के निराकरण करने निवेदन किये थे। जिस पर जनहित के मुद्दे को देखते हुए विभागीय मंत्री ने बोर खनन कराने स्वीकृति दे दी है।

**इन स्थान पर होगा बोर खनन**

शहर के वार्ड क्र. 07 किल्ला मंदिर, वार्ड 10 शंकर नगर, वार्ड 11 शंकर नगर पूर्व, वार्ड 15 सिकोलाभाठा, वार्ड 30 तमेरपारा, वार्ड 32 ब्राम्हणपारा, वार्ड 34 शिवपारा, वार्ड 35 रामदेव मंदिर, वार्ड 36 गंजपारा, वार्ड 39 डिपरापारा, वार्ड 44 गुरु घासीदास वार्ड, वार्ड 47 सिविल लाइन, वार्ड 52 बोरसी, वार्ड 59 कातुल बोर्ड में पेयजल को दुरुस्त करने बोर खनन किया जायेगा।

# स्पैरो पर एफआईआर नहीं निगम शिविर की दे रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



सामान्य सभा में स्पैरों कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराने की घोषणा करने वाली भाजपा ने अब तक एफआईआर दर्ज नही कराया है। बल्कि निगम परिसर में स्पैरों कंपनी को शिविर लगाकर सुविधा दी जा रही है।स्पैरों कंपनी द्वारा टैक्स वसूली में आर्थिक अनियमितता कर करीब साठ लाख की गडबडी की है। बहरहाल शिविर में ऐसे पीडित जिन्होने कंपनी को पैसा भुगतान कर दिया है। लेकिन उनका नाम पंजी में नही चढाया है। ऐसे लोगों से विगत दिनों शिविर लगाकर पर्ची ली गई थी। जिसमें उनके द्वारा राशि पटाने की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पैरो के टैक्स संबंधी शिकायतों के लिए 15 से 21 अप्रैल तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में किसी ने रसीद दिखाया तो किसी ने फोने पे एवं चेक के माध्यम से टैक्स देना बता गया। जिसमें सभी पीड़ित करदाताओं की सूची तैयार की गई। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर मुताबिक 15 से 21 अप्रैल तक के शिविर में 30 लोगो का पैसा टोटल 2,82,543/- रुपये वापस किया गया। और 1,05,435/- रुपये निगम में स्पेरो से बोलकर नगद जमा कराया गया है।

- **महापौर ने 30 पीड़ित करदाताओं को लौटाए राशि**

---

# दुष्कर्मी को बीस साल सश्रम कारावास की सुनाई गई सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र की है। पीड़िता की मां ने घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई। शिकायतकर्ता के मुताबिक तीन सितंबर 2023 को दोपहर 2.30 बजे वह अपने पति के साथ काम पर चली गई। शाम चार बजे घर लौटने पर पता चला कि, उसके सौतेला बेटा ने ही पीड़िता के साथ गलत काम किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 376 (क,ख), 376(2),पाक्सो एक्ट की धारा 5,6 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण सुनवाई के लिए अपर सत्र न्यायाधीश अनिष दुबे के न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के अंतर्गत आरोपित को 20 वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। प्रकरण की पैरवी विशेष लोक अभियोजक रूपवर्षा दिल्लीवार ने की।

### पुत्री शाला को नहीं तोड़ने कलेक्टर को ज्ञापन

**दुर्ग।** आल इंडिया यूथ फेडरेशन ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन देकर शहर के वार्ड छः में बने ऐतिहासिक पुत्री शाला स्कूल को पानी टंकी के लिए तोडने की मांग की है। फेडरेशन के अध्यक्ष मो. शमीम कुरैशी व उपाध्यक्ष कमलेश निर्मलकर ने बताया कि शासकीय प्राथमिक कन्या शाला (पुत्री) शिक्षक नगर, दुर्ग सन 1906 से निर्मित, आजादी के पूर्व बनी हुई है, वर्तमान में ऐसा ज्ञात हुआ है कि, इस स्कूल को तोड़कर पानी टंकी का निर्माण होने की प्रक्रिया चल रही है। पानी टंकी के लिए पास में काफी जगह है।

# विश्व पृथ्वी दिवस की शुरुआत का श्रेय जेलार्ड नेल्सन को : क्षीरसागर

**भिलाई।** विश्व पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद प्रशांत क्षीरसागर ने बताया कि इस विशेष दिवस को मनाने का श्रेय जेलार्ड नेल्सन को जाता है। दुनिया भर में हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को 195 से ज्यादा देश मनाते हैं।

बता दें इस साल दुनिया भर में 55वां पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की तरफ लोगों का ध्यान खींचकर यह कोशिश करना है कि सभी लोग पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में अपना योगदान दें। दुनिया भर में प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग और जंगलों की कटाई जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, तो पृथ्वी दिवस का महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाता है। पृथ्वी दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं, जैसे हवा और प्रदूषित पानी, प्लास्टिक का कचरा और पेड़ों की कटाई, के बारे में जागरूक करना है। यह दिन लोगों को बताता है कि उन्हें कैसे धरती को बचाने के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा।

---

# बीएसपी के हजारों ठेका मजदूरों को नहीं मिल रहा काम के अनुरुप वेतन और सुविधाएं, बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उत्पादन सहित अन्य कार्यों में योगदान देने के बाद भी हजारों ठेका मजदूर बदहाली का जीवन बिता रहे हैं। इस मामले में ठेका कंपनियां और प्रबंधन उदासीन बने हुए हैं। इससे श्रमिकों में असंतोष बढ़ रहा है। अब वेतन व सुविधाओं संबंधित लंबित मांगों को लेकर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले 25 अप्रेल को मुर्गा चौक पर जंगी प्रदर्शन किया जाएगा।

- **ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले लंबित मांगों को लेकर कल करेंगे प्रदर्शन**

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में काम करने वाले करीबन 22 हजार ठेका मजदूरों का चौतरफा शोषण हो रहा है। श्रमिकों का उत्पादन में 70 प्रतिशत योगदान है और संयंत्र के अधिकांश सफाई से लेकर स्थाई प्रकृति के कार्य ठेका श्रमिकों के द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद भी ठेका श्रमिकों को उसके अनुसार सुविधा एवं वेतन नहीं मिल रही है। लंबे समय से श्रमिकों की मांग है कि जिस तरीके से ठेका श्रमिकों का योगदान है उसके अनुसार वेतन और सुविधाएं मिलनी चाहिए। यूनियन ने निर्णय लिया है कि श्रमिकों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 8:50 तक मुर्गा चौक के सामने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा जाएगा। ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि ठेका श्रमिकों का सेल के उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान है । कई बार प्रबंधन को मांगों से अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दिया गया। ठेका श्रमिकों के मांगों को पूरा करने के लिए स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक प्रदर्शन कर रही है।

### यह हैं मजदूरों की लंबित मांगें

ठेका श्रमिकों को बीएसपी के एस-1 ग्रेड का वेतन दिया जाए या 26000 रुपया वेतन प्रतिमाह निर्धारण किया जाए, 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास करें आवंटित, संयंत्र के अंदर आने जाने के लिए दो गेटों से आने-जाने की अनुमति दी जाए । अंदर मोटरसाइकिल जाने की अनुमति प्रदान की जाए और सभी ठेका श्रमिकों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा हो। श्रमिकों का सही उपस्थिति दर्ज होने और सही सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए । ठेका प्रारंभ के एक माह पूर्व मेडिकल किया जाए।ठेके में आईटीआई और 12 वीं सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए अनुभव के आधार पर श्रमिकों को रखा जाए, ठेका कंपनी बदले लेकिन उस ठेका में पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए,रात्रि भत्ता प्रदान किया जाए एवं साइकिल भत्ता, कैंटीन भत्ता एवं हिट एवं डस्ट अलाउंस दिया जाए। ठेका श्रमिकों को वेतन पर्ची,लीव कार्ड एवं अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि मिले।स्थाई प्रकृति के कार्य एवं उत्पादन में पूर्ण रूप से योगदान को देखते हुए मंथली इंसेंटिव एवं नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए, बी एस पी स्कूलों में ठेका श्रमिकों के बच्चों के लिए 50% सीट आरक्षित किया जाए।

# सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में आज सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रामगोपाल गर्ग एवं विशेष अतिथि डायरेक्टर कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र सुपेला भिलाई अजय कल्याणी उपस्थित रहे। रामगोपाल गर्ग ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम के बारे में बच्चों को जागरूक किया। अजय कल्याणी ने नशे के विभिन्न कारणों, नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के दिमाग को खोखला करता जा रहा है। युवाओं को सजग रहकर नशे से दूर रहना होगा।

अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह एवं कार्यक्रम में स्वागत भाषण राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना मान द्वारा किया गया । प्राचार्य ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध खड़ा होना चाहिए।कार्यशाला के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें पोस्टर निर्माण, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन शामिल थीं। विद्यार्थियों ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और सामाजिक चेतना का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# सुशासन तिहार छोड़ नेटवर्क मार्केट का सैर कर रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। जिसे लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर डीईओ द्वारा किसी भी शिक्षक को बगैर अनुमति के स्कूल छोडने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। लेकिन नेटवर्क मार्केट का व्यापार में लगे शिक्षक इन दिनों टुर पर निकल गए है। ऐसी जानकारी आई है कि, हर्बन लाईफ नामक प्रोडक्ट कंपनी से जुडकर शहर के दर्जनभर स्कूलों से शिक्षक गायब है।

- **सुशासन तिहार में बगैर अनुमति छुट्टी किया है**

निर्देश में विशेष परिस्थिति में ही कलेक्टर की अनुमति पर अवकाश की स्वीकृति दिए जाने के निर्देश है। लेकिन शिक्षक प्रशासन के आदेशों की धज्जियां उडाकर स्कूल से गायब है। हैरानी वाली यह है कि, कई शिक्षक डीईओ को पत्र लिखे है। लेकिन उन्हें अनुमति नही मिली है और वे छुट्टी पर चले गए हैं। दूसरी तरफ ऐसे शिक्षक जो गर्मी में पसीना बहा रहे है, उनमें आक्रोश की स्थिति है। शिक्षा विभाग द्वारा शहर के स्कूलों की जांच करे तो मामला सामने आ जाएगा। हर्बल लाइफ नेटवर्किंग से जुड़े शिक्षक बेकोफ शिक्षिकिय कार्य छोड़ अपना बिजनेस कर रहे हैं। इसके पहले भी डीईओ ने नेटवर्क मार्केटिंग के मामले में निर्देश जारी किए थे। निर्देश में शिकायत मिलने पर कडी कार्यवाही का प्रावधान किया गया था। इसके बाद भी शिक्षक नही सुधर रहे है।

### शिक्षकों ने बना रखा सिडिंकेट

नेटवर्क मार्केटिंग व प्रोडक्ट कंपनियों ने शिक्षको को मोटी कमीशन का लालच देकर व्यापार से इन्हें जोड रहे हैं। कमीशन का लालच देकर एक शिक्षक को जोड रहे है, वही उसी शिक्षक को कमीशन का लालच देकर दूसरे को जोडने कहा जा रहा है। इस तरह वर्तमान में शिक्षा विभाग में सिडिंकेट जैसी स्थिति बन गई हैं। स्कूल की पढाई छोड सरकारी स्कूलों में शिक्षक बडे नेटवर्क से जुडकर काम कर रहे है। जिनका नेटवर्क दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुंद, धमतरी, आरंग में कार्यरत शिक्षक जुड़े हुए हैं। जिनका हर सप्ताह रायपुर के बड़े होटल में प्रोग्राम करना होता है एवं साल में दो बार राज्य से बाहर का टूर प्रोग्राम होता है। जिसमे प्रोडक्ट बेचने लोगो को जोड़ने के बदले इन्हें अच्छी खासी कमीशन मिला करता है।

### करेंगे कार्यवाही

नेटवर्क माकेटिंग को लेकर पूर्व में भी निर्देश जारी किए गए थे। शिकायत मिलने पर सिविल सेवा आचरण का उल्लघन में कडी कार्यवाही की जाएगी।
**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

# अनुराग की टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण समाज सड़क पर, कलेक्टर को सौंपा

**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग ने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के ब्राह्मण समाज के लिए की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में रैली निकाली।

रैली दुर्ग के पटेल चौक से शुरू होकर कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन सौंपा। महासचिव शशिकांत तिवारी के नेतृत्व एडीएम एस थॉमस को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर की मांग की गई। इस अवसर पर सरयूपारीण ब्राम्हण समाज,



कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, छत्तीशगढ़ी ब्राह्मण समाज, गौड़ ब्राह्मण समाज, राजस्थानी ब्राह्मण समाज, पंजाबी ब्राह्मण समाज, मैथिल ब्राह्मण समाज, सनाढ्य ब्राह्मण समाज, ओड़िया ब्राह्मण समाज, बंगाली ब्राह्मण समाज सहित समस्त ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने प्रदर्शन को समर्थन दिया। शशिकांत तिवारी ने कहा कि फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा जो ब्राह्मण समाज के प्रति आपत्तिजनक बात कही, उससे पूरे देश का ब्राह्मण समाज की भावना को लेकर काफी आहत है। ब्राह्मण समाज सदैव सब समाज को साथ लेकर चलने का भाव रखता है। दिया गया बयान यह दर्शाता है कि ये कितना घृणा रखते हैं। इनका निम्न स्तरीय बयान संपूर्ण सनातनी और ब्राह्मण समाज की भावना को ठेस पहुंचाने वाला है। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राकेश शुक्ला, संभागीय महासचिव दीपक मिश्रा, अजय शर्मा, लक्ष्मीकांत तिवारी, विजय शर्मा, विनोद शारदा, पीयूष मिश्रा, बृजमोहन तिवारी, राजेश शर्मा, मृदुला शुक्ला, दिनेश मिश्र, सुभाष चंद्र तिवारी, चंद्र शेखर पांडे, रामफल शर्मा, ज्योति शर्मा, श्याम कुमार तिवारी, सुमित शर्मा, नरेश चौरे, प्रीति राहुल दुबे, रामविलास मिश्र, योगेश ठाकुर, शुभम ओझा, श्रवण शुक्ला, अनिल शुक्ला, मोहन शुक्ला, मयंक शर्मा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### इंजीनियरिंग छात्र ने लगाई फांसी

**भिलाई।** इंजीनियरिंग छात्र ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मौके से एक सुसायडल नोट भी पुलिस को मिला है। मोहन नगर प्रभारी शिव चंद्रा ने बताया कि वार्ड 21 आशा नगर निवासी जय किशन देवांगन नामक युवक इंजीनियरिंग का छात्र है। अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सुसायडल नोट में अपने मन से फांसी लगाने की बात लिखी है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। जांच के बाद ही कारणों का पता चल पाएगा।

### जेपी प्रतिष्ठान ने मनाई चंद्रशेखर की जयंती



**भिलाई।** जेपी प्रतिष्ठान रूआबांधा एचएससीएल कॉलोनी में चंद्रशेखर फाउंडेशन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर के जन्म दिन पर लोकतंत्र,संविधान एवं लोकसभा की गरिमा'विषय पर परिचर्चा हुई। जेपी प्रतिष्ठान के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने कहा कि पहले लोकतंत्र संविधान एवं लोकसभा की गरिमा की सिर्फ बात नहीं होती थी बल्कि उसे लोग अपने आचरण से भी जाहिर करते थे। चंद्रशेखर ने संसद के भीतर और बाहर हमेशा लोकतंत्र की मर्यादा को कायम रखा। वक्ता अधिवक्ता जमील अहमद ने कहा कि चंद्रशेखर शुरू से ही समाजवादी नीतियों के हिमायती रहे। आज संविधान के संरक्षण के साथ लोकतंत्र और संसद की गरिमा को बचाने आगे आना होगा। विशिष्ट अतिथि श्रमिक नेता प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि वर्तमान में हमें चुनौतियां का सामना करने चंद्र शेखर के रास्त पर चलना होगा। इस अवसर पर सुभाष चौधरी, अरविंद कुमार, एसपी सिंह, मिश्री राम राजभर, एजे कुरैशी, एम प्रसाद श्रीवास्तव, त्रिलोक मिश्रा, सुरेखा नागवंशी, जय सूबेदार सिंह यादव,धनंजय यादव, नंद किशोर साहू आदि उपस्थित थे।

### संस्कृति विभाग के घासीदास संग्रहालय में अंकुश देवांगन का हुआ सम्मान

**भिलाई।** महंत घासीदास संग्रहालय रायपुर की आर्ट गैलरी में मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन का सम्मान किया गया। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 47 कलाकारों की कला प्रदर्शनी सोहई का आयोजन किया गया। जहां अंकुश देवांगन भी शामिल हुए। इस दौरान चित्रकार डॉ. ध्रुव तिवारी, जितेन्द्र साहू, हुकुम वर्मा, अनंत कुमार, सुनीता वर्मा, समाजसेवी प्रवीण कालमेघ, खैरागढ़ विश्वविद्यालय के कलाकार तथा बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे। संस्कृति विभाग के घासीदास संग्रहालय स्थित आर्ट गैलरी में वर्षों बाद एक स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कलागुरू प्रो. मिश्रा की स्मृति में आयोजित यह कला प्रदर्शनी रायपुर में अपनी अमिट छाप छोड़ गया। इसमें समीक्षकों के शोध से यह साबित हुआ है कि छत्तीसगढ़ पेन्टिंग की दृष्टि से संभावनाओं का गढ़ है।

## पेज 9 के शेष

### कलेक्टर ने आज ...

कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कार्यालय में व्यवस्थाएं बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

### पंचायत दिवस पर ...

सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर ग्राम पंचायत परिसर पड़कीभाट में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू एवं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान ग्रामीण महिला प्रतिभा यादव, झामिनी कुरेशिया, शीला बाई खरे सहित अन्य ग्रामीणों ने अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के माध्यम से लेन–देन किया।

**विरोध : आतंकवाद के खात्मे के लिए सरकार ठोस कदम उठाएं**

# आतंकी हमले में मरने वालों को कैंडल जलाकर जय स्तंभ पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत से पूरे देश में आक्रोश फैल गया है। आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को जिला प्रेस क्लब बालोद द्वारा बुधवार को शाम साढ़े 6 बजे जयस्तंभ चौक में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। जिला प्रेस क्लब के सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसमें आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई। पहलगाम आतंकी हमले पर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू ने कहा, यह एक निंदनीय घटना है। हम पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। हम विश्वास करते हैं कि भारत सरकार, हमारे वीर सेना के जवान हर ऐसा संभव प्रयास करेगी कि ऐसी घटना दोबारा न हो सके और देश के नागरिक सदैव सुरक्षित रहें।

पूरा देश एक साथ आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष के लिए खड़ा है। जिला प्रेस क्लब के महासचिव राहुल भूतड़ा व संरक्षक दास मानिकपुरी ने कहा कि भारत में रह रही देश विरोधी ताकतों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हमले में स्थानीय लोगों का इंवॉल्वमेंट रहा है, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। पत्रकारों ने कहा कि इस आतंकी घटना के विरोध में देश एकजुट है. आतंकवादियों को पनाह दे रहे देश पर कार्रवाई होनी चाहिए।कठोर जवाब देना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में जिला प्रेस क्लब के संरक्षक मोहन दास मानिकपुरी, रमन टूवानी, अध्यक्ष संतोष साहू, महासचिव राहुल भूतड़ा, अरुण उपाध्याय, रवि भूतड़ा, सतीश रजक, विकास साहू, संजय सोनी, करण सोनी, मीनू साहू, परस साहू, नरेश श्रीवास्तव, ऋषभ सिन्हा, देवेंद्र साहू, मनीष साहू सहित अधिवक्ता धीरज उपाध्याय सहित नगर के गणमान्य नागरिक प्रभाकर जैन, अंचल साहू, संतोष शर्मा, वैभव शर्मा, कुलदीप यादव, सुमित शर्मा, संजय शर्मा, समीर खान, कमल बजाज शामिल रहे।

### आतंकी हमले के मृतकों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**बालोद।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और 26 पर्यटकों की मौत से इस वक्त जहां पूरा देश गमगीन है, इस घटना की जितनी घोर निंदा की जाए कम है, इस दुःखद घटना और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए शाम अखिल भारतीय महिला सम्मेलन द्वारा बालोद नगर के जय स्तम्भ चौक पर कैंडल जलाकर सादर श्रध्दांजलि दी गई।




### आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि




**गुरूर।** कश्मीर के पहलगाम में विगत दिनों इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा हिन्दू पर्यटकों को निशाना बनाते हुए उनका धर्म पूछकर, हिन्दू जानकर उनको पत्नी, बच्चों व परिवारजन के सामने ही उन्हें गोलियों से भूनकर उनकी बर्बरता से हत्या कर दी, जिससे पूरा हिन्दू समाज आक्रोशित है। गुरुर नगरवासियों व हिन्दू संगठनों द्वारा शाम को नगर के बस स्टैंड में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमे नगर पंचायत गुरुर के अध्यक्ष प्रदीप साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, युवा नेता चन्द्रप्रकाश गांधी, द्वारिका भारद्वाज तथा हिन्दू संगठन से जयंत साहू, लोकेश साहू, राकेश साहू, हरीश टुवानी, रेणुका टुवानी, खेमन साहू, अजय पारख, रूपेंद्र देवदास, ओमू राठी, शेषराज साहू, देवेश सिन्हा, तुषार साहू, दिव्यांश साहू, चंद्रेश झा, सुयश साहू समेत बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मलित हुए। श्रद्धांजलि सभा मे सर्वप्रथम बर्बर इस्लामिक आतंकवादियों को जल्द से नर्क पहुचाने की मांग की गई तथा भारत सरकार से ऐसे जेहादी मानसिकता वाले संगठन, व्यक्ति व पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने की मांग की गई। पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए गए। पश्चात कैंडल जलाकर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए हिन्दू पर्यटकों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

# एसपी पटेल ने पदभार ग्रहण किया व परिचय बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने पदभार ग्रहण किया। समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी समेत पुलिस कार्यालय बालोद के सभी शाखा प्रभारियों के साथ परिचय मीटिंग हुई। जिले के कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया, थाना पुलिस कार्यों की समीक्षा कर जिले में अपराध, यातायात व्यवस्था समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी ली गई। जिले में नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। पुलिस कार्यालय बालोद में नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा सलामी लेने उपरांत पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के द्वारा स्वागत कर पदभार सौंपा गया।

नए पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी व पुलिस कार्यालय बालोद के सभी शाखा प्रभारियों से परिचय मीटिंग कर जिले के कानून व्यवस्था का जायजा लेते हुए थाना कार्य, अपराध, पुलिसिंग, यातायात व्यवस्था, भौगोलिक, राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों की जानकारी ली गई। साइबर संबंधी अपराध में कमी लाने, जागरूकता अभियान चलाने, कम्युनिटी पुलिसिंग, रोड एक्सीडेंट को कम करना, हेलमेट पर कार्यवाही, जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर त्वरित निराकरण का प्रयास करना ,प्रकरण अकारण लंबित न रखना संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अति. पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, सीएसपी डॉ. चित्र वर्मा, डीएसपी राजेश बागडे, डीएसपी बोनीफास एक्का समेत पुलिस कार्यालय बालोद के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। सभी स्टाफ के द्वारा पुलिस अधीक्षक को नवीन जिला पदस्थापना हेतु हर्श व्यक्त किया गया।

# 1145 मोतियाबिंद ऑपरेशन सफल, गुरूर ब्लाक प्रथम



**गुरूर।** जिला अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ महेश सूर्यवंशी के निर्देशानुसार व जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, सहायक नोडल अधिकारी अंधत्व अनिल कुमार सिन्हा ने नेत्र सहायक अधिकारियो की वार्शिक बैठक सत्र 2024–25 की आहुत की गई।

जिसमे जिले के नेत्र सहायक अधिकारियो की कार्यो की समीक्षा लिया गया, जिसमे ब्लाक गुरूर का मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य 600 जिसके विरूद्व 1145 मोतियाबिंद ऑपरेशन कर ब्लाक गुरूर प्रथम स्थान रहा, स्कूली बच्चो का निःशुल्क च"मा वितरण शत प्रतिशत रहा एवं नेत्रदान का अनुपात भी शत प्रतिशत रहा। ब्लाक गुरूर के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील भारती के आदेशानुसार अंधत्व निवारण का कार्य शत प्रतिशत रहा।

जिसमे जिला से प्राप्त मोंमेटो को समस्त नेत्र सहायक आधिकारियो द्वारा बीएमओ गुरूर डॉ सुनील भारती हो सम्मान भेट किया गया साथ ही नेत्र सहायक अधिकारी "याम सुंदर देवागन द्वारा अपने मोतियाबिंद ऑपरेशन लक्ष्य 200 के विरूद्व 655 ऑपरेशन कराकर जिला मे प्रथम स्थान एवं नेत्र सहायक अधिकारी बोड़रा डिगेश देवदास का तृतीय स्थान रहा। नेत्र सहायक अधिकारी अरमरीकला टिके"वर साहू का स्कूली च"मा शत प्रतिशत रहा। खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुरूर द्वारा नेत्र सहायक अधिकारियो को मोमेंटो भेट कर सम्मान किया।

# क्षेत्र के स्कूलों में अनियमितता पर ठोस कार्रवाई की मांग जैन ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



डौण्डी विकासखण्ड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। शासन द्वारा कई सरकारी योजना के तहत-अध्यापन कार्य कराया जाता है किंतु कई शालाओं के संस्था प्रमुख रायपुर, दुर्ग, धमतरी, भिलाई से आना जाना करते है बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है । भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा के स्वाधीन जैन ने जिला कलेक्टर को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया है कि विगत दिनो इसी प्रकार शा कन्या पूर्व मा. शाला पथराटोला के प्रधानपाठक की शिकायत हुई थी जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी बालोद द्वारा रायपुर, दुर्ग भिलाई से ही आने वाले प्राचार्या को जांचकर्ता बनाया गया जिनके द्वारा 22 अप्रैल को शाला की संस्था प्रमुख की कुछ बिदुओ से जांच की गयी किंतु इस जांच में जनपद सदस्य, संरपंच एव पंचगण का कोई भी अभिमत नहीं लिया गया यह जांच दायरे मे आश्चर्य का विषय है कि उकत संस्था-प्रमुख को ग्रामीणों के आक्रोश को ताकपर रखकर बचाने की कोशिश की जा रही है ऐसे संस्था प्रमुखों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा क्यों संरक्षण दिया जा रहा है जो कि अपना मुख्यालय कार्य स्थल में ही दिखाकर गृहभाड़ा भी वे लेते है और अपना आवेदन अपने करीबी साथी शिक्षा को देकर वापिस आकर शिक्षक-पंजी में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर लेते हैं।

### कई बार नोटिस जारी

प्रधानपाटिका को कई बार कारण बताओ नोटिस जारी हो चुका है किंतु जांच कर्ता द्वारा लीपापोती करना, ग्रामीणों का अभिमत नहीं लेना जिला शिक्षा अधिकारी बालोद की संलिप्तता को दर्शाता है।डौण्डी ब्लाक के कई कर्मचारी जैसे पथराटोला हाइस्कूल की प्राचार्य और भी कई शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रतिदिन बाहर से ही आना जाना करते है और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए शासन से गृह भत्ता भी लेते हैं। जबकि प्रदेश में छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव की सुशासन एक तरफ शिक्षा स्तर को मजबूत करने में लगी है मगर वहीं बालोद जिला के डीईओ द्वारा मंसूबे को पानी फेरते नजर आह रही है।

# संविधान बचाओ यात्रा के विषय पर कांग्रेस की बैठक पूर्व गृहमंत्री ने ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा आज से



25 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली संविधान बचाओ यात्रा के उद्घाटन समारोह के लिए मिनाक्षी नगर दुर्ग निवास में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दुर्गग्रामीण विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आवश्यक बैठक लिया गया जिसमें संविधान बचाओ यात्रा के संबन्ध में विस्तार के चर्चा की गई. और सभी पदाधिकारी को जवाबदारी सौपी गई। श्री साहू ने बताया की पिछले दिनों हुये अहमदाबाद में पारित प्रस्ताव /"न्याय पथः संकल्प, समर्पण, संघर्ष/" पर चर्चा हुई। उन्होंने ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने देश भर में 'संविधान बचाओ रैली' आयोजित करने का भी फैसला किया है।

उन्होंने कहा, ''25 से 30 अप्रैल तक अलग-अलग राज्यों में रैली होगी। जिसकी शुरुवात हमारे राज्य के भिलाई में 25 अप्रैल को किया जायेगा। इसके बाद तीन से 10 मई तक जिला स्तर पर ऐसी सभाएं होंगी और फिर 11 से 17 मई तक विधानसभा स्तर पर रैली का आयोजन होगा। इसके बाद 20 से 30 मई तक /"संविधान बचाओ अभियान/" को घर-घर तक ले जाया जाएगा।इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर नगर निगम रिसाली शशि सिन्हा, ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चंद्रकार, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, महामंत्री जीतेन्द्र साहू,ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, महामंत्री चंद्रकांत कोरे,अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्रकार, लक्ष्मी साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, टिकेश्वरी लाल, विक्की मिश्रा, हरेंद्र देव, तुलसी देशमुख, देशमुख,पूर्व मंडी सदस्य तारकेश्वर चन्द्रकार, रुपेश देशमुख, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, सहित ब्लाक कांग्रेस के सदस्य, जनप्रतिनिधि, नगर निगम रिसाली के पार्षद गण सहित कांग्रेस के वरिष्ठ गण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# बोड़ला शराब दुकान के सुरक्षा कर्मी पर अज्ञात लोगों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोड़ला

- चेहरे पर मारा धारदार हथियार, आरोपी फरा जांच में जुटी

जिले की तथा कथित चाक चौबंध कानून व्यवस्था पर अज्ञात बदमाशों ने एक बार फिर गहरी चोट मारी है। बताया जाता है कि बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात जिले के बोड़ला थाना मुख्यालय में संचालित सरकारी शराब दुकान में कुछ अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलकर शराब दुकान में तैनात सुरक्षा गार्ड पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

जिससे सुरक्षा गार्ड के चेहरे में गंभीर चोट आई है और खून से लतपथ सुरक्षा गार्ड को अब सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बोड़ला में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी होने के बाद बोड़ला पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बोड़ला में संचालित सरकारी शराब दुकान में लाल दास पिता गीता अनंत आयु 23 निवासी सारंगपुर सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है। बताया जाता है कि बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात लाल दास शराब दुकान में ही मौजूद था। इसी दौरान रात्रि करीब तीन बजे कुछ बदमाशों ने सरकारी शराब दुकान में धावा बोल दिया।

पहले उन्होने शराब दुकान की विद्युत सप्लाई बंद कर अंधेरा किया और फिर दरवाजा खटखटाकर सुरक्षा गार्ड को बाहर बुलाया। सुरक्षा गार्ड लालदास ने जैसे ही दरवाजा खोला अज्ञात हमलावरों ने उस पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे लालदास के चहरे में गंभीर चोट आई है।

घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद दूसरे स्टाप द्वारा घायल लालदास को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला पहुंचाया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा है। वहीं घटना की जानकारी बोड़ला पुलिस को भी दे दी गई है। जिस पर पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर उनकी तलाश शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस घटना के थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

### सुनियोजित ढंग से किया गया हमला

यहां बताना लाजिमी होगा कि हमलावरों ने इस हमले को सुनियोजित ढंग से अंजाम दिया है। उन्होने पूरी तैयारी के साथ पहले शराब दुकान कि बिजली काटी फिर हमला किया। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर इस हमले के पीछे आरोपियों का मक्सद क्या था। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे आपसी रंजिस मान रही है। क्योंकि आरोपी हमला के बाद मौके से फरार हो गए। उन्होने शराब दुकान में किसी प्रकार की लूटपाट का प्रयास नहीं किया। बहरहाल हमले की असली वजह क्या थी यह आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

# कनेरी विद्यालय की स्थानीय परीक्षाओं के नतीजे घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कनेरी की स्थानीय परीक्षा 9वीं, 11वीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम घोशित किया गया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा, समिति के सदस्य, छात्र छात्रएं एवं एवं स्टाफ, शिक्षक उपस्थित थे। परीक्षा परिणाम 9वी का 90.83 प्रतिशत व 11वीं का 73.03 प्रतिशत रहा। जिसमे कक्षा 9वीं मे 98.3 प्रतिशत के साथ विद्या प्रथम, 98.1 प्रतिशत के साथ पूनम द्वितीय, 96.06 प्रतिशत के साथ भूमिका तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा 11वीं मे 88 प्रतिशत के साथ तुलसी साहू प्रथम, 83.6 प्रतिशत के साथ याचना द्वितीय, 81.6 प्रतिशत के साथ ए"वर्या तृतीय स्थान पर रही। शाला के प्राचार्य बीआर ठाकुर ने छात्र छात्रओ के प्रति हर्श व्यक्त किया। कार्यक्र मे परीक्षा परिणाम की जानकारी परीक्षा प्रभारी जीएल "याम ने प्रदान की।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम जयंती 29 को मनाई जाएगी



**बालोद।** समग्र ब्राह्मण समाज बालोद की ओर से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 29 अप्रैल मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। समग्र ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष अटल दुबे ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इसकी तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल मंगलवार को प्रात 08 बजे परशुराम चौक में पूजा अर्चना की जाएगी, वही शीतला मंदिर स्थित परशुराम मंदिर में प्रात 09 बजे से हवन पूजन के साथ ही प्रसादी का वितरण किया जाएगा। शाम 05 बजे परशुराम मंदिर में महाआरती की जाएगी तत्पश्चात शहर में गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्र निकाली जाएगी।शोभायात्र मंदिर प्रागंण से निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष अटल दुबे ने समाज के सभी विप्रजनों से भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता निभाने की अपील की है।

### गुलशन कुमार साहू सभापति मनोनीत



**गुण्डरदेही।** जनपद क्षेत्र क्रमांक 5 के जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू को जनपद पंचायत गुण्डरदेही के कृषि एंव कल्याण विभाग के सभापति बनाए जाने पर जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व समस्त जनपद सदस्य एंव गुण्डरदेही, सिकोसा व ओटेबंद मंडल के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने हर्श व्यक्त की।

### टेमन लाल का अग्निवीर में चयन, किया स्वागत

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक के ग्राम भेंगारी निवासी 19 वर्षीय टेमन लाल साहू पिता ईश्वर लाल साहू का अग्निवीर में चयन होने पर ग्रामीण सुरेश साहू भागीरथी साहू भूषण साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ फुल माला पहनाकर स्वागत किया वे हैदराबाद में अग्निवीर की ट्रेनिंग करेंगे।

### अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत

**भिलाई।** अलग-अलग हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक का शिनाख्त केन्द्रपाड उड़िसा निवासी रंजन सामल 32 वर्ष के रुप में हुई है। युवक उड़िसा से कमाने खाने गुजरात के सूरत गया था। सूरत - पुरी एक्सप्रेस ट्रेन में उड़िसा जा रहा था। दुर्ग से रायपुर की ओर जाते समय रंजन सामल ट्रेन के दरवाजे पर बैठा हुआ था। तभी अनियंत्रित होकर वह सिरसा अण्डरब्रिज के पास गिर गया। सुबह लाश मिलने की सूचना पर आरपीएफ व जीआरपी पहुंची। तलाशी में युवक के जेब से मोबाइल फोन मिला। लेकिन उसमें टावर गायब था। मोबाइल पर दर्ज एक नंबर पर आरपीएफ के अधिकारी ने फोन कर घटना की जानकारी लिया।

परीणाम

**बच्चे होनहार बनाने और उनके भविष्य संवारने के लिए माता पिता गुरु संयुक्त सजग भूमिका निभाए : प्राचार्य बारले**

# सशिमं स्वशासी परीक्षा के 5 टापर विद्यार्थियों के माता-पिता का गिफ्ट देकर किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में परीक्षा परिणाम समारोह आयोजित कर स्वशासी वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया। विद्यालय स्तर पर प्रत्येक कक्षा के टाप फाइव प्रतिभाशाली विधार्थियो एवं उनके माता पिता का सम्मान अयोध्या विराजित भगवान श्री राम का लेमिनेटेड तैल चित्र भेंट कर किया गया। मंच पर अतिथि रोहित साहू, पूर्व छात्र अब पालक देवकी कटबेर प्रतिमा साहू, सुषमा साहू मंचासिन रहे।

**छात्र छात्रओं का भविष्य संवारने माता पिता गुरु सजग भूमिका निभाए :** प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि विधार्थियो को होनहार बनाने भविष्य संवारने में माता पिता गुरु संयुक्त सजग भूमिका निभाए। विधार्थियो का जब परीक्षा परिणाम आता है तो वह केवल विद्याथएँ का ही परिणाम नहीं समझे इसमें माता पिता गुरु की हिस्सेदारी सजगता उदासीनता झलकती है। विद्यालय अवधि में गुरु 6 घंटे मेहनत करते है जब विद्याथएँ घर पहुंचकर अध्ययन में रुचि नहीं लेता और 18 घंटा व्यर्थ गंवाता है तब परिणाम संतोषजनक नहीं आ पाता और गुरु के मेहनत पर पानी फिर जाता है। जिनका भी परिणाम अच्छा आ रहा है निश्चित ही पालक बालक गुरु का मेहनत जग जाहिर होती है।

#### स्वशासी वार्षिक परीक्षा परिणाम

कक्षा अरुण में प्रथम मोनिका एवं रूबी 100 प्रतिशत, द्वितीय नित्या बंजारे 98.6 प्रतिशत, तृतीय निकिता साहू 98.3 प्रतिशत, चतुर्थ विवेक 97 प्रतिशत, पंचम धानी साहु, राघव यदु 96.6 प्रतशत प्राप्त किया। कक्षा उदय में सेजल एवं विद्या 100 प्रतिशत, भाविका, जागृति 97 प्रतिशत, लिसा देवांगन 96 प्रतिशत, मेघा, जानवी, नीलिमा, देव्यांश, फ्रवंस, कुशाल 95 प्रतिशत, पूरब 92 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा प्रथम में लावण्या 97 प्रतिशत, साक्षी 94.5 प्रतिशत, भाव्या, थानेंद्र 93 प्रतिशत, नमन 92.5 प्रतिशत, वंशिका 91.5 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय में पुष्कर 99.5प्रतिशत, समीक्षा तानिया 95 प्रतिशत, सौम्या 94.5 प्रतिशत, काव्या 92 प्रतिशत, वंशिका 89.5 प्रतिशत, कक्षा तृतीय में रितिका 97.5 प्रतिशत, तृप्ति 96.5प्रतिशत, सिद्धि 91.5 प्रतिशत, भुनेश 90 प्रतिशत, नीलेश 89 प्रतिशत, कक्षा चतुर्थ में टेकेश्वर 89.5ः प्रतिशत, अर्णव 89ः प्रतिशत, अर्चना 75.5 प्रतिशत, उमंग 73.5 प्रतिशत, पारस, पुनीत 71 प्रतिशत, कक्षा षष्ठ में आयुष ढीवर 86.5 प्रतिशत, रुद्र साहू 81 प्रतिशत, वीना साहू 79.66 प्रतिशत, महक चंद्राकर 74.6 प्रतिशत, अविनाश 74.3 प्रतिशत, कक्षा सप्तम में मोनिका 66 पतिशत, हुलेश साहू 64.6 प्रतिशत, दीक्षा 63.3 प्रतिशत, वैभव 62.6 हर्षवर्धन 57.6ः प्रतिशत, कक्षा नवम में नारायणी साहू 88.2 प्रतिशत, चंचल साहू 75.5 प्रतिशत, हर्षिता साहू 66.4 प्रतिशत, पीयूष साहू 61.1 प्रतिशत, धैर्य बंजारे 49.7 प्रतिशत, कक्षा एकादश में लोमस सोनवानी 58.6 प्रतिशत, शुभ्रा सोनवानी 54.3 प्रतिशत, आर्यन चंद्राकर 52.7 प्रतिशत, पुष्पेन्द्र चंद्राकर 52 प्रतिशत, लोमिता वर्मा 43.7 प्रतिशत ने विद्यालय स्तर पर कक्षा में टॉप फाइव प्रतिभा अंकित करने सफल रहे।

#### स्कूल वही गुरु वही केवल परिणाम और विद्यार्थी माता-पिता अलग-अलग

विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि स्कूल वही गुरु वही और परिणाम अलग अलग विचारणीय है चिंतन योग्य है।कमजोर परिणाम आने पर माता पिता का विद्याथएँ पर नियंत्रण विद्याथएँ का संगत विद्यालय के बाद घर में पढ़ाई करने की रुचि पर मंथन कर कमजोरी दूर करने का सतत प्रयास होते रहना चाहिए।समय निकलाकर स्कूल में संपर्क कर बच्चे की पढ़ाई हाल चाल जाना चाहिए। श्री साहू ने माता पिता को अलर्ट करते कहा कि बच्चे के संगत और समय का अवश्य ध्यान रखे कमजोर बच्चा भी होनहार बन सकता है।

#### सरस्वती शिशु मंदिर नींव मजबूत करती है होनहार बनाती है

अतिथि पालक देवकी कटबेर ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर बच्चो की नींव मजबूत करने में सशक्त भूमिका निभाती है मै विद्यालय की पूर्व छात्र हु मेरी नींव मजबूत करने में इस विद्यालय ने ऐसी नींव मजबूत की आज में शासकीय सेवा रत होकर जिंदगी को शानदार तरीके से दिशा दे पा रही हु मेरे बच्चे भी इस विद्यालय कक्षा में टॉप फाइव में आकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया है जो गर्व का विषय है।

## शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलोदी की कक्षा 9वीं एवं 11वीं के परीक्षा परिणाम



**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलोदी के कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम 16 अप्रैल को जारी किया गया। वर्ष 2025 में कक्षा 9 वीं परीक्षा परिणाम 53 प्रतिशत तथा कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में कुल 109 छात्र उपस्थित हुए, उत्तीर्ण 19 छात्र अनुत्तीर्ण तथा 32 छात्र पूरक के पात्र रहें उत्तीर्ण छात्रें में 24 छात्र प्रथम श्रेणी, 9 छात्र द्वितीय श्रेणी तथा 25 छात्र कृपोत्तीर्ण से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 9 वीं में कु हितेश्वरी साहू पिता देवकरण साहू 94 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान कोमेश्वरी साहू पिता कामता प्रसाद 91.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा चेतना साहू पिता इंद्रजीत साहू 87 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में कुल 66 छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए। जिसमें 41 छात्र उत्तीर्ण 7 छात्र अनुत्तीर्ण एवं 18 छात्र पूरक के पात्र रहें, जिसमें 23 छात्र प्रथम श्रेणी 8 छात्र द्वितीय श्रेणी तथा 10 छात्र कृपोत्तीर्ण से उत्तीर्ण हुए, कक्षा 11वीं में मेघा पिता अमरलाल कला संकाय 89 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। लक्ष्मी पिता थम्मन लाल कला संकाय 75 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा वर्षा विश्वकर्मा पिता डोमन लाल वाणिज्य संकाय 74 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू द्वारा कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्रओं का गुलाल लगाकर स्वागत किया तथा सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की तथा अनुत्तीर्ण एवं पूरक के पात्र छात्र छात्रओं को भी निराश नही होते हुए कठिन मेहनत करते हुए आगे की कक्षा में प्रोन्नत होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला के व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू, ज्योति सोनी प्रीति गणवीर, प्रीति मंडावी, बी लहरे, गीता वर्मा, प्रज्ञा तिवारी, कैलाश कुमार साहू तथा विज्ञान सहायक ईश्वरी साहू, प्रीति साहू तथा शाला के सभी छात्र छात्रएं उपस्थित थे। सभी शिक्षक स्टाफ द्वारा सभी छात्र छात्रओं को बधाई एवं शुभकामनायें प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की उपरोक्त जानकारी शाला के परीक्षा प्रभारी व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ने दी।

■ कक्षा 9 वीं का परीक्षाफल 53 प्रतिशत तथा कक्षा 11वीं का 62 प्रतिशत रहा

## प्रगति हायर सेकंडरी स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित



**डौंडीलोहारा।** डौण्डीलोहारा शिक्षण संस्था द्वारा संचालित प्रगति हायर सेकंडरी विद्यालय डौंडीलोहारा में कक्षा के जी वन से कक्षा ग्यारहवीं तक के स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें प्रावीण्य सूची में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं।

के जी वन में प्रथम हिमाचल 99.3 % , द्वितीय युवांश देवांगन 98.7 %, के जी टू प्रथम कुमारी चंचल 98.7%, द्वितीय कुमारी रैना 97.3% , कक्षा पहली में प्रथम देव्यांशी साहू 100% , द्वितीय आदित्य कंवर एवं गीतांशु देवांगन 99.5% , कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान मयंक ढाले 99.2 % ,द्वितीय स्थान घृतज्ञ सोनी 98% , कक्षा तीसरी में प्रथम तेजल देशमुख 99.6% , द्वितीय योगिता 96.8 % , कक्षा चौथी में प्रथम कु.निकिता पटेल 99.2% , द्वितीय कु. हिमांशी 95.2% ,छटवीं में प्रथम राजकमल निषाद 83.8% , कु.गायत्री निषाद 74.2% , कक्षा सातवीं में प्रथम तृप्ति देशमुख 89.5 % , द्वितीय कुमारी हेमप्रभा 86.6% , कक्षा नवमी में प्रथम रणवीर कुमार निषाद 85.5% , द्वितीय कुमारी दीप्ति यादव 84.7 % , ग्यारहवीं कृषि में प्रथम साहिल कुमार भूआर्य 81.2% , द्वितीय हेमंत कुमार साहू 76% , ग्यारहवीं विज्ञान में प्रथम यश कुमार साहू 82.6 % ,द्वितीय कु. पल्लवी ठाकुर 78.2% प्राप्त किये। संस्था के अध्यक्ष हस्तीमल सांखला, सचिव फुलचंद जैन,पालक समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार देशमुख, प्राचार्य राजकुमार देवांगन , संचालक ललित सिंह गौर, प्रधानाध्यापिका सुश्री कीर्तिबाला टॉक आदि ने अपने करकमलों से प्रावीण्य सूची के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया । परीक्षा प्रभारी बलदेव सिंह यादव, राधेश्याम गंजीर, उमेंद सिंह सिन्हा, मूलचंद साहू सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## शहीद कालेज में शहीद पृथ्वी दिवस पर इको क्लब व भूगोल विभाग ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही





शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 22 अप्रैल को इको क्लब एवं भूगोल विभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. चन्दना बोस, सभी प्राध्यापकगण, इको क्लब के सभी सदस्य एवं छात्र–छात्रओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

उक्त अवसर पर ''हमारी खूबसूरत धरती'' विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, निबंध में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर क्रमशः साधना, बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष और ललिता, एम.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर रहे। वही पोस्टर प्रतियोगिता में बी.एस.–सी. द्वितीय सेमेस्टर की छात्र नम्रता ने प्रथम स्थान एवं एम.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर की छात्र रेणुका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विश्व पृथ्वी दिवस के कार्यक्रम की कड़ी में दिनांक 24.04.2024 को ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. चन्दना बोस ने किया। उन्होंने पर्यावरण सरंक्षण प्रबंधन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपना कृष्टिकोण रखा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र यूनुस रज़ा बेग ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित ग्लोबल वार्मिंग विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। तत्पश्चात कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता सहायक प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र महाविद्यालय दुर्ग डॉ. सतीश कुमार सेन ने पर्यावरण के संकट से होने वाली बीमारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए जैवविविधता के अनेक बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन सहा. प्राध्यापक हिन्दी डॉ. अभिषेक कुमार पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक समिति में सम्मिलित महाविद्यालय के डॉ. आशीष कुमार भुई, शिखा श्रीवास्तव तथा ऋतु सोरी द्वारा इस ऑनलाइन व्याख्यान का प्रबंधन किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ.केडी .चावले, डीएस.सहारे, आरपी. निषाद, डॉ. तृप्ति राजपूत, डॉ. रम्भा रत्नाकर, डॉ. खुशबू ठाकुर, दिव्या साहू, हितेश कुमार, दीपांशु राठौर, मोना गुप्ता, यामिनी साहू, डॉली ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आनंद कुमार ने आभार व्यक्त किया।

## उमावि टटेंगा के परीक्षा परिणाम घोषित, शोशन और मयंक प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिंदगी में उतार चढ़ाव आते रहते हैं और जीवन में परीक्षा परिणाम ही अंतिम नहीं होता। इसे प्रयास से और अच्छा बनाया जा सकता है। जो छात्र सफल हुए उन्हें बधाई। पर जो छात्र असफल हुए उन्हें समझना है कि यह जीवन का एक पड़ाव है और अनुचित कदम नहीं उठाना है। उन्हें और अधिक कोशिश करके इस असफलता को सफलता में बदलने हेतु हिम्मत और धैर्य से काम करना है।

परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि कक्षा 11वीं में रोशन कुमार ने वाणिज्य संकाय से 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए शाला में प्रथम स्थान, मयंक देवांगन विज्ञान संकाय से 90.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा त्रिलोचन ने विज्ञान संकाय से 90.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 9वी के परिणाम में छवि ने 94.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान चहेक ने 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा प्रियल एवं भावना ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष कक्षा 9वी में 78 प्रतिशत हुआ कक्षा 11वीं में 95.6 प्रतिशत विद्याथएँ सफल रहे।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश कुमार रावटे, चंद्र प्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेन्द्र कुमार नेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय पाठक ने किया।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर धारा 305(ए), 331 (4) के तहत कार्रवाई की है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मछली मार्केट जय हिंद चौक पुरैना निवासी ई अपन्ना जमीन खरीदी बिक्री करने का काम करता है। मकान में ताला जड़कर 17 अप्रैल को परिवार समेत गृह ग्राम आंधाप्रदेश कुल देवता की पूजा पाठ करने गया हुआ था। पड़ोसी ने फोन कर सूचना दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। फिर अपने डेढ साला उमाशंकर को मकान में भेजकर जानकारी लिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पोषण पखवाड़े में बच्चों की देखभाल की जानकारी दी




**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी के पोषण पखवाड़ा के समापन का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें ग्राम के सरपंच श्रीमती दुर्गा चौधरी , आंगनबाड़ी को बेहतर बनाने में सहयोग करने का आश्वासन सरपंच ने दिया। पर्यवेक्षक रेखा लोनारे ने बाल्यावस्था में देखभाल (1000दिन) पर विस्तार से जानकारी दिया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषक तत्त्व की आवश्यकता, पोषण खजानी का उपयोग करने तथा बच्चों को चिप्स, कुरकुरे जैसे बाजार में उपलब्ध खजानी के स्थान पर पोषण खजानी जैसे फूटा चना, गुड मूंगफली, तिल के लड्डु चिकी पट्टी, अंकुरित मूंग चना उपयोग करने कहा गया। उपस्थित समुदाय को अन्य पलकों को जानकारी देने कहा गया। जिससे पालकों में जागरूकता आए और बच्चे कुपोषण से दूर रह सके। आज के स्वस्थ बच्चा कल के स्वस्थ समाज का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित रहे उर्वशी चौधरी, संध्या चौधरी, प्रमिला पवार, मोनिका पटेल, संगीता पटेल, कार्यकर्ता शशी कला चौधरी, सहायिका रामहीन उपस्थित थे।




